दिनांक 01.02.2019 स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

स्वच्छ भारत अभियान

भिलाईनगर/ आयुक्त एस 0के0 सुंदरानी के निर्देश पर निगम क्षेत्र में मौसमी बिमारियों (डेंगू/स्वाईन फ्लू) की रोकथाम/बचाव/सुरक्षा की दृष्टि से निरंतर स्वास्थ्य/जन जागरुकता शिविर का संचालन किया जा रहा है। वार्ड 40 जोरातराई, वार्ड 25 संतोषीपारा एवं वार्ड 5 लक्ष्मीनगर के गौतम नगर में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में कुल 233 मरीजों का पंजीयन कर (जिसमें दस्त-02, उल्टी-01, बुखार-14, अन्य-216) को रोग निरोधक दवाईयां दी गई। बुखार से प्रभावित 14 मरीजों का खुन जांच हेतु रक्त पट्टिका तैयार कर लैब भेजा गया, दस्त एवं शारीरिक कमजोरी से प्रभावित मरीजों को 15 नग ओआरएस का पैकेट वितरण किया गया। डेंगू/स्वाईन फ्लू से बचाव/सुरक्षा संबंधी जन समुदाय में जागरुकता लाने के लिए 435 नग पाम्पलेट का वितरण किया गया। मच्छर उन्मूलन हेतु 5 स्प्रेयर पम्प द्वारा नालियों के जमाव पानी/गंदे स्थानों पर 3500 एमएल मैलाथियान के घोल का छिड़काव किया गया।

जिला मलेरिया विभाग द्वारा प्राप्त सूचना अनुसार वार्ड 5 के गौतम नगर में निवासरत् कल्याण तांडी पिता शंकर तांड़ी उम्र 25 वर्ष को बुखार से प्रभावित होने के कारण दुर्ग जिला चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया है । सूचना के आधार पर शिविर दल द्वारा प्रभावित के घर जाकर सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त की गई की प्राप्त जानकारी के अनुसार कल्याण तांड़ी 27 जनवरी को बुखार आने पर 31 जनवरी को लाल बहादुर शास्त्री मरीज को सिकलीन से प्रभावित होना बताया गया।

जनसम्पर्क अधिकारी